**स्मरण—पत्र**

राजस्थान सरकार
निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर
"वित्त भवन" जनपथ, जयपुर— 302015
(दूरभाष 0141—2740735, फैक्स 0141— 2742309, ई—मेल jdp1-ta-rj@nic.in)

क्रमांकः— एफ. 3 (ख) (1) अलेसे—II / 5203-13 दिनांक :— 14/07/14

कोषाधिकारी,
बांसवाड़ा, ब्यावर, भरतपुर, भीलवाड़ा
झालावाड़, पाली,उदयपुर,जयपुर (पेंशन / सचिवालय)
जोधपुर (ग्रामीण)

विषयः— लेखाकारों के मानव संसाधन प्रबंधन से संबंधित सूचनाओं के सम्यक रूप से संग्रहण एवं अद्यतनीकरण के संबंध में
प्रसंगः—निदेशालय का समसंख्यक आदेश क्रमांक 4610—4650 दिनांक 11.06.2014 एवं परिपत्र 4829—4869 दिनांक 23.06.2014

महोदय,

विषयान्तर्गत प्रासंगिक कार्यालय आदेश / परिपत्र द्वारा समस्त कोषाधिकारियों लेखाकारों के मानव संसाधन प्रबंधन से संबंधित सूचनाओं के सम्यक रूप से संग्रहण एवं अद्यतनीकरण सुनिश्चित करने के लिए प्रपत्र संलग्न कर लिखा गया था कि समस्त लेखाकार प्रपत्र में सूचनाएं भरकर अपने कार्यालयाध्यक्ष से प्रमाणित करवाकर जिले के कोषाधिकारी को दिनांक 18.06.2014 तक अनिवार्यतः प्रस्तुत कर देंगे। प्रासंगिक पत्र द्वारा समस्त कोषाधिकारियों को यह निर्देशित किया गया था कि वे सभी लेखाकारों की सूचना प्राप्त कर दिनांक 23.06.2014 तक विशेष वाहक के माध्यम से निर्देशालय में सुश्री कौशल्या सांकृत्य, सहायक निदेशक (कार्मिक—II) को प्रस्तुत करेंगे।

उपर्युक्त आदेश / परिपत्र के क्रम में कोषालयों से सूचनाएं प्राप्त हुई है, लेकिन आपके कोषालयों से वांछित सूचनाओं को संकलित कर निदेशालय में आदिनांक तक नहीं भिजवाया गया है। जिससे लेखाकारों के मानव संसाधन प्रबंधन से संबंधित सूचनाओं के सम्यक रूप से संग्रहण एवं अद्यतनीकरण नहीं हो पा रहा है।

अतः कृपया वांछित सूचना दिनांक 18.07.2014 तक अवश्य भिजवाना सुनिश्चित करें।

भवदीया

(वीरबाला जोशी)
निदेशक

क्रमांकः— एफ. 3 (ख) (1) अलेसे—II / 5203-13 दिनांक :— 14/07/14

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

1. समस्त विभागाध्यक्ष / कार्यालयाध्यक्षों को संबंधित लेखाकार की संलग्न प्रपत्र में सूचनाओं को पूर्वनानुसार प्रमाणित करने हेतु
2. निजी सहायक, निदेशक महोदया
3. समस्त लेखाकार
4. उपनिदेशक (एसीपी) कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

(डॉ. अरविन्द कुमार मिश्रा)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक—II)

E:\Desktop Backup\letter 2013 hss.doc